हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 17 अक्टूबर 2025


तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री


4 बैंक हितग्राहियों को प्राथमिकता से ऋण उपलब्ध कराएं : कलेक्टर







# दूसरों के घर को रोशन कर अपनी दीपावली बेहतर मनाने जी-जान से जुटे कुम्हार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

हर साल की तरह इस साल भी दूसरों के घर में रोशनी लाकर अपनी दीपावली बेहतर मनाने के लिए कुम्हार जी-जान से जुटे हुए हैं। इस आधुनिक जमाने में भी मिट्टी के दीयों की बढ़ती मांग से कुम्हार परिवार के चेहरों में रौनक लौट आई है। उन्हें उम्मीद है कि वो अपने इस पुश्तैनी कारोबार से अच्छी दीपावली मना सकेंगे।

दरअसल दीपों का पर्व आते ही पूरा शहर रोशनी से जगमगा उठता है। गलियां, छतें और चौक-चौराहे रंगीन झालरों और मिट्टी के दीयों की रोशनी से चमकने लगते हैं। इस साल भी जब शहर सज-धज कर रोशन हो रहा है, तब इसके पीछे मेहनत करने वाले वे लोग भी हैं, जिनके हाथों की कला हर घर को रोशन बनाती है। इसी रोशनी की कहानी जानने के लिए हमने रायगढ़ के इंद्रानगर क्षेत्र में रहने वाले कुकुमचंद चक्रधारी से बात की जो पिछले 35 सालों से मिट्टी के दीये बनाने का काम कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि दीपावली के सीजन में उनका घर एक छोटे कारखाने में तब्दील हो जाता है, जहां हर कोना मिट्टी, रंग और रचनात्मकता से भरा होता है। उन्होंने आगे कहा कि हर साल दीपावली के पहले उनका पूरा परिवार मिलकर दीये बनाते हैं। इस बार उन्होंने करीब 25 हजार दीये तैयार किए हैं। उनकी मानें तो इनमें से ज़्यादातर दीये ऑर्डर पर बिक जाते हैं और बाकी बचे दीयों को वो स्थानीय बाजारों में बेचते हैं। चक्रधारी ने बताया कि उनकी दीपावली तब मनती है जब उनके बनाए दीये दूसरों के घर में जलते हैं। जब सारे दीये बिक जाते हैं तो इनकी असली दीपावली होती है, वरना कई बार नुकसान भी उठाना पड़ता है, लेकिन इस साल दीयों की ज्यादा डिमांड है।

**दीयों की बढ़ती मांग से कुम्हार परिवारों के चेहरों में लौटी रौनक**



### बढ़ती महंगाई के बाद भी रौनक बरकरार

इस साल बाजार में महंगाई का असर दीयों की कीमतों पर भी पड़ा है। पिछले साल जहां एक सैकड़ा दीया 70 रुपए बिकता था अब वह बढ़ कर 100 रुपए प्रति सैकड़ा हो गया है। बढ़ती महंगाई के बाद भी लोगों की पसंद मिट्टी के दीयों के प्रति कम नहीं हुई है।

### 10 वर्षीय बेटी एक माह में ही सीख गई पिता का काम

चक्रधारी का परिवार पूरी तरह इस परंपरागत कला से जुड़ा हुआ है। घर के सभी लोग किसी न किसी तरह इस काम में हाथ बंटाते हैं। सबसे खास बात यह है कि उनकी 10 साल की बेटी प्रिया चक्रधारी भी इनके साथ बैठकर दीये बना रही है। कुकुमचंद ने बताया कि उसकी बेटी प्रिया एक माह पहले ही दीया बनाना सीखी है, जोकि वर्तमान में अपने हाथों की जादूगरी से इस तरह दीये बना रहे है जैसे वो इस कला में सालों से पारंगत हो। उनके यहां दीये खरीदने आने वाले लोग भी प्रिया की कारीगरी देख उसकी तारीफ करने के लिए मजबूर हो जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### फर्नेश प्लांट में उंचाई से गिर कर श्रमिक की मौत

**बीरमित्रपुर।** बीरमित्रपुर थाना क्षेत्र के कुआरमुंडा समीप रामपाल चौक के निकट स्थित रामको फर्नेश प्लांट में गुरुवार सुबह एक दुर्घटना हो गई। यहां पर उंचाई पर चढ़ कर शीट बदलने के काम के दौरान दो युवा श्रमिक गिर गए। प्लांट कर्मियों ने दोनों को तत्काल कुआर मुंडा हेल्थ सेंटर ले गए, जहां इलाज शुरु होने से पहले ही एक युवा कर्मी की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल होने से उसे इलाज के लिए आर जी एच रेफर किया गया। बीरमित्र पुलिस ने घायल के जानकारी नहीं होने की बात कही, वहीं मृतक की पहचान राजेश लाकड़ा रता खंडी निवासी के रूप मे हुई। घायल की पहचान संजय कुजुर के रूप में बताई जा रही है। घटना की खबर फैलते ही इलाके में शोक माहौल बन गया। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की है। शव को जब्त कर पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। इस घटना में जान गंवाने वाले 45 वर्षीय राजेश के परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल है। हालांकि प्रबंधन ने हर सम्भव सहयोग का भरोसा दिया है।

### सड़क किनारे पलटी ट्रैक्टर, दो युवकों की मौत

**राजगांगपुर।** राजगांगपुर थाना क्षेत्र के मालिडीही पंचायत कार्यालय के पास बुधवार शाम एक ट्रैक्टर के पलटने से दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों की पहचान मालिडीही रानीपिया संगपानी गांव निवासी 27 वर्षीय विलियम खाखा और 30 वर्षीय धिरुआ बारला के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर संख्या ऑडी 16 बी 3723 डूडी से रानीपिया गांव की ओर जा रहा था। मालिडीही पंचायत कार्यालय के समीप पहुंचते ही ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे गहरी खाई में पलट गया। हादसे के समय ट्रैक्टर पर चालक समेत तीन लोग सवार थे। पलटने से दो युवक डाले के नीचे दब गए और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई, जबकि चालक हादसे के बाद मौके से फरार हो गया। स्थानीय ग्रामीणों की सहायता से दोनों शवों को बाहर निकाला गया और पोस्टमार्टम के लिए राजगांगपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी भेजा गया।

### यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने शुरू की 9 पूजा स्पेशल ट्रेनें, उसमें भी सैकड़ों वेटिंग लिस्ट व सीटें फुल

# त्यौहारी सीजन में हाउसफुल चल रही ट्रेनें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

त्यौहारी सीजन में सभी ट्रेनें हाउसफुल चल रही हैं। टिकट कंफर्म नहीं होने से मुसाफिरों को ट्रेनों में खड़े-खड़े सफर करना पड़ रहा है। यात्रियों की सुविधा को देखते हुए रेलवे ने 9 पूजा स्पेशल ट्रेनें शुरू की हैं, ताकि भीड़ से उन्हें राहत मिल सके और उनकी यात्रा आरामदायक हो, लेकिन यहां भी स्थिति वही हो गई है। कई स्पेशल ट्रेनों में सैकड़ों यात्रियों की टिकट वेटिंग लिस्ट में हैं तो कई ट्रेनों में सीटें पहले से फुल हैं।

दरअसल त्यौहारी सीजन में मुसाफिरों को रेल यात्रा करने में काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। दीपावली और छठ जैसे त्यौहारों के करीब आने से लोग अपने घरों की ओर लौट रहे हैं। इस वजह से टिकट के लिए मारामारी शुरू हो गई है। लगभग सभी प्रमुख ट्रेनों की सीटें फुल हो चुकी हैं, जबकि वेटिंग लिस्ट सैकड़ों तक पहुंच चुकी है। हालात यह हैं कि कई यात्रियों को या तो जनरल डिब्बों में खड़े होकर सफर करना पड़ रहा है या फिर अपनी यात्रा रद्द करनी पड़ रही है। रेलवे टिकट काउंटरों पर रोज़ाना लंबी कतारें देखी जा रही हैं। काउंटर पर टिकट लेने पहुंचे यात्रियों ने बताया कि त्यौहार के कारण सभी ट्रेनों की सीटें कई दिन पहले ही भर गई थीं। अब जो टिकटें बची हैं, वे वेटिंग लिस्ट में हैं। रायगढ़ स्टेशन पर सुबह से ही टिकट काउंटरों के बाहर भारी भीड़ लग रही है। कई यात्री तत्काल टिकट की उम्मीद में घंटों लाइन में खड़े नजर आ रहे हैं। आम ट्रेनों में होने वाली भीड़ को देखते हुए रेलवे ने 9 पूजा स्पेशल ट्रेनें शुरू की हैं, ताकि यात्री अपने गंतव्य तक आसानी से पहुंच सकें। इसके बाद भी उन्हें भीड़ से छुटकारा नहीं मिल रहा है और ना ही सीटें मिल रही हैं।



> त्यौहारी सीजन को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए पूजा स्पेशल ट्रेन शुरू किया गया है, जिससे उनको यात्रा करने में आसानी हो। कई बार सीटें फुल हो जा रही हैं, तो कई बार आराम से टिकट कंफर्म हो रहा है, ऐसे चलता रहता है।
>
> **अंबिकेश साहू,** एपीआरओ, एसईसीआर

### रेलवे द्वारा शुरू की गई पूजा स्पेशल ट्रेनें

- ट्रेन संख्या 08865, इतवारी जंक्शन, नागपुर से शालीमार तक चल रही है, जिसके रायगढ़ आगमन का समय सुबह 2:32 बजे व रायगढ़ से रवाना होने का समय सुबह 2:34 बजे है। यह ट्रेन सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरुवार और रविवार को चल रही है। इसके स्लीपर में 35, सेकेंड एसी में 8 व थर्ड एसी में 8 टिकट वेटिंग लिस्ट में है।
- ट्रेन संख्या 08875, इतवारी जंक्शन नागपुर से धनबाद जंक्शन तक चल रही है, जिसके रायगढ़ आगमन का समय सुबह 5:28 बजे व रायगढ़ से रवाना होने का समय सुबह 5:30 बजे है। यह ट्रेन सप्ताह में एक दिन सिर्फ शनिवार को चलती है। इसके स्लीपर कोच में 58, थर्ड एसी में 60 टिकट वेटिंग लिस्ट में है, जबकि सेकेंड एसी पूरी तरह फुल है।
- ट्रेन संख्या 08869, इतवारी जंक्शन नागपुर से जयनगर तक चल रही है, जिसके रायगढ़ आगमन का समय रात 8 बजे व रायगढ़ से रवाना होने का समय रात 8:10 बजे है। यह ट्रेन सप्ताह में एक दिन सिर्फ गुरुवार को ही चलती है। इसके स्लीपर कोच में 92, सेकेंड एसी में 77 व थर्ड एसी में 23 टिकट वेटिंग लिस्ट में है।
- ट्रेन संख्या 08897, गोंदिया से पटना तक चल रही है, जिसके रायगढ़ आगमन का समय रात 8:10 बजे व रायगढ़ से रवाना होने का समय 8:12 बजे है। यह ट्रेन सप्ताह में दो दिन गुरुवार व शुक्रवार को चलती है। इसके स्लीपर, सेकेंड एसी व थर्ड एसी तीनों कोच की सारी सीटें फुल हैं।
- 5 ट्रेन संख्या 08795, दुर्ग से पटना तक चल रही है, जिसके रायगढ़ आगमन का समय रात 8:10 बजे व रायगढ़ से रवाना होने का समय 8:12 बजे है। यह ट्रेन सप्ताह में एक दिन रविवार को चल रही है। इसके स्लीपर कोच में 38, सेकेंड एसी में 16 व थर्ड एसी में 26 टिकट वेटिंग लिस्ट में है।
- ट्रेन संख्या 08866, शालीमार से इतवारी जंक्शन नागपुर तक चल रही है, जिसके रायगढ़ आगमन का समय सुबह 3:51 बजे व रायगढ़ से रवाना होने का समय सुबह 3:53 बजे है। यह ट्रेन सप्ताह में रविवार, सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरुवार और शुक्रवार को चल रही है। इसके स्लीपर कोच में 56, सेकेंड एसी में 5 व थर्ड एसी में 25 टिकट वेटिंग लिस्ट में है।
- ट्रेन संख्या 08876, धनबाद से इतवारी जंक्शन नागपुर तक चल रही है, जिसके रायगढ़ आगमन का समय सुबह 8:25 बजे व रायगढ़ से रवाना होने का समय सुबह 8:27 बजे है। यह ट्रेन सप्ताह में एक दिन रविवार को चल रही है। इसके स्लीपर कोच में 45, सेकेंड एसी 6 व थर्ड एसी में 34 टिकट वेटिंग लिस्ट में है।
- ट्रेन संख्या 08796, पटना से दुर्ग तक चल रही है, जिसके रायगढ़ आगमन का समय दोपहर 3:28 बजे व रायगढ़ से रवाना होने का समय दोपहर 3:30 बजे है। यह ट्रेन सप्ताह में एक दिन मंगलवार को चलती है। इसके स्लीपर कोच में 23, सेकेंड एसी में 8 व थर्ड एसी में 23 टिकट वेटिंग लिस्ट में है।
- ट्रेन संख्या 08898, पटना जंक्शन से गोंदिया जंक्शन तक चल रही है, जिसके रायगढ़ आने का समय दोपहर 3:28 बजे व रायगढ़ से रवाना होने का समय दोपहर 3:30 बजे है। यह ट्रेन सप्ताह में दो दिन शनिवार और रविवार को चल रही है।

# त्यौहारी सीजन में बैंक सुरक्षा पर फोकस कंट्रोल रूम में आयोजित हुई अहम बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा-निर्देशन पर धनतेरस और दीपावली त्यौहार को देखते हुए शहर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस ने कमर कस ली है। इसी क्रम में पुलिस कंट्रोल रूम रायगढ़ में सराफा व्यापारियों और बैंक अधिकारियों के साथ दो महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित की गईं।



पहली बैठक सराफा व्यापारियों के साथ की गई, जबकि दूसरी बैठक बैंक अधिकारियों के साथ हुई जिसकी अध्यक्षता नगर पुलिस अधीक्षक मयंक मिश्रा ने की। बैठक में डीएसपी साइबर सेल अनिल विश्वकर्मा तथा नगर कोतवाल सुखनंदन पटेल उपस्थित रहे। सीएसपी श्री मिश्रा ने बताया कि त्योहारी सीजन में बैंकों में लेनदेन की मात्रा बढ़ने से सुरक्षा जोखिम भी बढ़ जाता है, इसलिए इस अवधि में विशेष सतर्कता आवश्यक है। उन्होंने बैंक प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि वे प्रतिदिन बैंक के लॉकर, मुख्य गेट और खिड़कियों की फिजिकल जांच करने की आदत डालें, सुरक्षा गार्डों को नियमित रूप से अलर्ट रहने का निर्देश दें और बैंक परिसर के आसपास संदेहास्पद गतिविधियों पर निगरानी रखें। साथ ही सीसीटीवी कैमरों और अलार्म सिस्टम की जांच नियमित रूप से करने, कैश मूवमेंट का समय बदल-बदल कर तय करने तथा बैंक सुरक्षा को लेकर पुलिस और बैंक के बीच संयुक्त अभ्यास करने की बात कही गई। बैठक के दौरान डीएसपी साइबर सेल अनिल विश्वकर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराधों पर नियंत्रण के लिए पुलिस और बैंकों के बीच तालमेल बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि म्यूल अकाउंट की पहचान कर उन पर कार्रवाई के लिए बैंक तत्काल पुलिस को सूचना दें। साथ ही पुलिस और बैंक मिलकर साइबर अवेयरनेस प्रोग्राम आयोजित करें ताकि आम नागरिकों को भी साइबर फ्रॉड से बचाव के उपायों की जानकारी मिल सके। बैठक में शहर के सभी प्रमुख बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिन्हें त्योहारी सीजन के दौरान सतर्कता और सुरक्षा उपायों का पालन करने के निर्देश दिए गए।

### तुलसी, अलंकार व चावला रेस्टोरेंट में खाद्य पदार्थों के लिए गए नमूने

# रक्षाबंधन में लिए सैंपल की रिपोर्ट पेंडिंग दीपावली में फिर शुरू हो गया ढकोसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

स्वास्थ्य विभाग के फूड एंड सेफ्टी अफसर बिल से बाहर निकल आए हैं। त्यौहारी सीजन में कार्रवाई दिखाने के लिए उन्हें फिर से फिल्ड पर उतरना पड़ा है। खास बात यह है कि बने खाबो, बने रहिबो अभियान व रक्षाबंधन में शहर सहित जिले लिए गए खाद्य पदार्थों के सैंपल का रिपोर्ट अब तक नहीं आया है और दीपावली में फिर से ढकोसला शुरू हो गया है।

इस बार खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा शहर के प्रमुख तुलसी, अलंकार व चावला रेस्टोरेंट से सैंपल लिया गया है। लोगों की मानें तो इन नमूनों की रिपोर्ट आने तक तो लोग उसका सेवन कर चुके होंगे, इसलिए इस जांच अभियान को भी सिर्फ खानापूर्ति कहा जा सकता है।



अभिहित अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर के जिन प्रतिष्ठानों से नमूने लिए गए है इनमें लाखा रायगढ़ के रिंकू ढाबा का निरीक्षण किया गया। जिसमें बिरयानी राईस खुला, पका हुआ अरहर दाल खुला का नमूना संकलित किया गया। इसी तरह तुलसी होटल में कुंदा खुला एवं खोवा बर्फी का नमूना लिया गया। साथ ही अलंकार होटल में निरीक्षण कर शंका के आधार पर नारियल बर्फी, रसगुल्ला तथा चावला रेस्टोरेंट में मैसूर पाक, पेडा का नमूना संकलित किया गया।खाद्य सुरक्षा विभाग ने सभी प्रतिष्ठानों को निर्देशित किया कि वे किसी भी तरह की मिलावट या असुरक्षित खाद्य सामग्री की बिक्री न करें। जांच रिपोर्ट के आधार पर यदि किसी भी प्रतिष्ठान में मिलावटी या अमानक खाद्य सामग्री पाई जाती है, तो संबंधित पर खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती सरिता पटेल, शांतनु भट्टाचार्य, अमित साहू, संतोष दास मौजूद रहे।

> पूर्व में लिए गए सैंपल की रिपोर्ट अब तक नहीं आई है, लेकिन दीपावली त्यौहार को देखते हुए टीम द्वारा फिर से होटलों, रेस्टोरेंट की जांच की जा रही है।
>
> **डॉ. अनिल कुमार जगत** सीएमएचओ




## खबर संक्षेप

### परिजन के लिए 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। कांसाबेल तहसील अंतर्गत ग्राम बटईकेला निवासी स्व. गजाधर राम पाल का मधुमक्खी के काटने से 08 फरवरी 20255 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनकी पत्नी राधा बाई हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### आधा दर्जन ट्रकों से डीजल की हुई चोरी

**बिश्रामपुर।** एनएच 43 पर अंबेडकर चौक स्थित अलग अलग गैराज के सामने खड़ी आधा दर्जन मालवाहक ट्रकों से डीजल चोरी की घटना से ट्रक संचालक हैरान हैं,मंगलवार की रात घटित घटना के संबंध में बताया गया कि अम्बेडकर चौक पुरानी शराब भट्ठी के पास चार से पांच ट्रक रिपेयर गैराज हैं,यहीं बनने के लिए कई गाड़िया आई हुई थीं,इसी दौरान देर रात आधा दर्जन गाड़ियों के डीजल टैंक का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने डीजल निकाल लिया है,सुबह खड़ी गाड़ियों के टैंक के लॉक खुले हुए मिले जिसके बाद मामले की सूचना बिश्रामपुर पुलिस को दी गई,पुलिस ने मौके पर पहुंचकर डीजल चोरी की वारदात को देखा और चोरों की धरपकड़ के लिए आसपास लगे सीसीटीवी के फुटेज पुलिस खंगाल रही है,बता दें कि पिछले करीब पांच से छह वर्षों से ठंडी का मौसम शुरू होते ही डीजल चोरों की सक्रियता अलग अलग सड़क में शुरू हो जाती है,कई वारदात में शामिल आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा भी है।

### लूट कांड का आरोपी पांच साल बाद मुंबई से बंदी

**शंकरगढ़।** थाना शंकरगढ़ क्षेत्र में 2020 में घटित लूट कांड के मुख्य आरोपी को पुलिस ने उत्कृष्ट तकनीकी दक्षता का उपयोग करते हुए मुंबई से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार आरोपी रीवा अंतर्गत जवा थाना क्षेत्र इटवारा निवासी संजय कुमार मिश्रा आ. बैजनाथ मिश्रा (38 वर्ष) पिछले पांच वर्षों से फरार था और अपनी पहचान छिपाकर मुंबई में रह रहा था। इधर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 392, 420, 120 के तहत अपराध दर्ज किया गया था।पुलिस के मुताबिक शंकरगढ़ निवासी रूपेश कुमार अग्रवाल आ. स्व. ओमप्रकाश अग्रवाल द्वारा 11 दिसंबर 2020 को रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, जिसमें बताया गया था कि 10 दिसंबर 2020 को पूजा सामग्री के विसर्जन के बहाने बुलाकर बाबा संजय शर्मा उर्फ सच्चिदानंद एवं उनके साथियों ने घर से लाखों रुपये के जेवर और नकदी लेकर फरार हो गए थे।

## सीपीआर सीख बनी जान बचाने की ढाल

# हर व्यक्ति बन सकता है किसी की जान बचाने वाला: एसएसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जब सांसें थम जाएं तो सीपीआर ही जीवन की आखिरी उम्मीद बनती है। इसी सोच के साथ गुरुवार को जशपुर पुलिस ने सीखा कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) देकर जीवन बचाने का हुनर।

राष्ट्रीय सीपीआर जागरूकता सप्ताह के तहत पुलिस अधीक्षक कार्यालय जशपुर में वृहद प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जिलेभर के पुलिस अधिकारी व कर्मचारी शामिल हुए।भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली एवं परिवार स्वास्थ्य कल्याण मंत्रालय के निर्देश पर 13 से 17 अक्टूबर तक देशभर में सीपीआर जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर रूपेश कुमार पाणीग्राही एवं सहायक ट्रेनर प्रधान आरक्षक वृत्तनारायण भगत ने सीपीआर देने की विधि का प्रायोगिक प्रदर्शन करते हुए प्रतिभागियों को जीवन रक्षक तकनीक से अवगत कराया।

### जशपुर पुलिस ने सीखा जीवन रक्षा का हुनर



### आपात स्थिति में काम आने वाला 'जीवन रक्षक फार्मूला

ट्रेनरों ने बताया कि किसी व्यक्ति की सांस या दिल की धड़कन रुक जाने पर तुरंत सीपीआर देने से उसकी जीवित बचने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। उन्होंने बताया कि सबसे पहले सांस और नब्ज की जांच करें। यदि सांस न चल रही हो तो व्यक्ति को समतल सतह पर लिटाएं और मुंह साफ करें। छाती के बीच वाले हिस्से पर दोनों हाथ रखकर 100-120 बार प्रति मिनट की गति से दबाव दें।हर 30 दबाव के बाद दो बार मुंह से सांस दें।यह प्रक्रिया तब तक जारी रखें जब तक व्यक्ति में सांस न लौटे या चिकित्सकीय मदद न मिल जाए।

**पुलिस कर्मियों ने किया अभ्यास, बढ़ा आत्मविश्वास:** प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों व कर्मचारियों ने सीपीआर तकनीक का अभ्यास भी किया। प्रशिक्षकों ने जब पूछा कि क्या अब वे आपात स्थिति में सीपीआर दे पाएंगे, तो सभी ने आत्मविश्वास के साथ "हाँ में जवाब दिया।

**ये अधिकारी रहे उपस्थित:** कार्यक्रम में एसएसपी शशि मोहन सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी, उप पुलिस अधीक्षक मंजूलता बाज, रक्षित निरीक्षक अमरजीत खूंटे व निरीक्षक अमित तिवारी सहित पुलिस बल के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

**हर व्यक्ति बने जीवनदाता :** इस अवसर पर एसएसपी शशि मोहन सिंह ने कहा कि सीपीआर देना हर व्यक्ति को सीखना चाहिए। यह किसी की जान बचाने का सबसे आसान और असरदार तरीका है।

## 90 स्कूलों के 9800 छात्रों को दी गई हाथी के व्यवहार की जानकारी



**जशपुरनगर।** गजरथ यात्रा द्वारा निरंतर स्कूलों में जाकर हाथी के व्यवहार एवं गतिविधि की जानकारी दी जा रही है।

जशपुर वनमण्डलाधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार गजरथ यात्रा के माध्यम से अब तक जिले के 90 स्कूलों में 9800 छात्र-छात्राओं को हाथी के व्यवहार एवं गतिविधि की जानकारी दी जा चुकी है। इनमें फरसाबहार, कुनकुरी एवं बगीचा विकासखण्ड अन्तर्गत आने वाले 75 स्कूलों के लगभग 8205 छात्र-छात्राएं एवं पत्थलगांव विकासखण्ड अंतर्गत 15 स्कूलों के 1595 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। वर्तमान में पत्थलगाव विकासखंड में निरंतर गजरथ यात्रा अपना कार्य कर रही है। गजरथ यात्रा हाथी प्रभावित अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में निरंतर दौरा कर रही है। विशेष रूप से हाथी प्रभावित क्षेत्रों के स्कूलों में कक्षा 06वीं से 12वीं के छात्र-छात्राओं को जानकारी देकर जागरूक करने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही गांव के चौपालों में चलचित्र के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों में जागरूकता लाने का कार्य करेगी। उल्लेखनीय है कि गजरथ यात्रा 2025 का शुभारंभ मुख्यमत्री विष्णुदेव साय के द्वारा 21 जून 2025 को किया गया था। इसका उद्देश्य हाथी मानव द्वद को न्यूनतम करने लोगों में जागरुकता प्रसार करना था। विगत कई वर्षों से जशपुर जिला हाथी विचरण क्षेत्र रहा है एवं हाथियों की उपस्थिति निरंतर बनी हुई है।

## मुख्य सचिव विकासशील से मिला शिक्षक फेडरेशन का प्रतिनिधिमंडल

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी सचिव छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के नेतृत्व में मुख्य सचिव विकासशील को पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दिया। साथ ही शासकीय सेवक हितार्थ मुद्दों पर ज्ञापन दिया है।

■ शासकीय सेवक कल्याण के मुद्दों पर हुई गहन चर्चा: राजेश चटर्जी



फेडरेशन के जिला अध्यक्ष विनोद गुप्ता, महामंत्री संजीव शर्मा, कोषाध्यक्ष अवनीश पांडेय ने बताया कि मुख्यसचिव को प्रदेश के कर्मचारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा योजना का प्रस्ताव प्रस्तुत कर गहन चर्चा किया है। प्रदेश के सभी कर्मचारियों के लिए चार स्तरीय समयमान वेतनमान का प्रारूप प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने बताया कि एनपीएस पेंशन योजना के स्थान पर अप्रैल 22 से लागू किये गये ओपीएस योजना को एलबी संवर्ग तथा अन्य शासकीय सेवक एवं परिवार के बेहतर भविष्य के दृष्टिगत नवंबर 2012 से प्रभावशील करने का निवेदन किया है।सहायक शिक्षक संवर्ग को भी समस्त शासकीय सेवक के समान त्रिस्तरीय समयमान वेतनमान स्वीकृति हेतु तथ्यात्मक ज्ञापन दिया है।सभी शिक्षक संवर्ग को समयबद्ध पदोन्नति, समयमान वेतनमान एवं सेजस स्कूलों में प्रतिनियुक्ति वाले शिक्षक संवर्ग तथा अन्य कर्मचारियों को कोषालय से मासिक वेतन भुगतान, सेवाकालीन सुविधा तथा स्वत्वों के अंतिम भुगतान के सरलीकरण जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुआ है।

## सुशासन शिविर के माध्यम से लोगों की समस्याओं का हो रहा निराकरण: साय

**जशपुरनगर।** लोगों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने एवं ग्रामीणों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर निराकरण करने के उद्देश्य से

■ शिविर में राशन कार्ड, श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड, फसल बीज एवं मछली जाल का किया गया वितरण

जिले में सुशासन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज पत्थलगांव विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बुलडेगा में जिला स्तरीय सुशासन शिविर का आयोजन किया गया।



शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय स्टाल लगाए गए, जिनके माध्यम से लोगों को योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर में भारी संख्या में बुलडेगा सहित आसपास गांव के लोग शामिल हुए। शिविर में ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। जिनका विभागों द्वारा यथासंभव निराकरण भी किया गया। शिविर में सरगुजा विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष एवं पत्थलगांव विधानसभा क्षेत्र विधायक गोमती साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। साथ ही कलेक्टर रोहित व्यास एवं प्रशासनिक अधिकारियो ने लोगों को विभागीय योजनाओं एवं उनके लाभ के बारे में जानकारी दी। विधायक साय ने शिविर स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टाल का निरीक्षण कर लोगों को लाभान्वित किये जा रहे गतिविधियों की जानकारी ली। शिविर में केन्द्र और राज्य सरकार की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं जैसे राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, श्रम कार्ड, फसल बीज, मछली जाल आदि से लोगों को लाभान्वित किया गया। साथ ही मौके पर आधार कार्ड और आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया। इस दौरान विधायक साय ने महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत बच्चों के अन्नप्रासन्न एवं गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म अदा की। इस दौरान शिविर में जिला पंचायत सदस्य सुरुचि पैंकरा, जनपद पंचायत अध्यक्ष धनियारो परहा, एसडीएम, जनपद पंचायत सीईओ सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारीगण एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे। शिविर में विधायक साय ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा है कि समस्त योजनाओं का लाभ सभी पात्र लोगों को मिले। साथ ही उनके सभी समस्याओं का निराकरण भी हो। इसी उद्देश्य से सुशासन शिविर लगाया जा रहा है।

## मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने टेली-मानस मजबूत पहल

**जशपुरनगर।** भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए टेली-मानस पहल को निरंतर मजबूत कर रही है। यह राष्ट्रीय कार्यक्रम देशभर में नागरिकों को निःशुल्क, गोपनीय और 24x7 मानसिक स्वास्थ्य सहायता उपलब्ध कराता है, जो टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 14416 या 1-800-891-4416 के माध्यम से सुलभ है। राष्ट्रीय टेली मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत यह पहल विशेष रूप से ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित करने हेतु प्रारंभ की गई है। टेली-मानस के माध्यम से कॉल करने वाले व्यक्तियों को प्रशिक्षित मानसिक स्वास्थ्य, मनोवैज्ञानिकों एवं मनोचिकित्सकों से जोड़ा जाता है।

## नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन की ऑनलाईन तिथि तीन दिन बढ़ी

**रायगढ़।** राज्य के नर्सिंग महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवनेदन करने की तिथि तीन दिन बढ़ा दी गई है। विद्यार्थी अब 17 अक्टूबर शाम पांच बजे तक नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन भर सकेंगे। नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए काउंसलिंग समिति के अध्यक्ष ने इस बारे में सूचना भी जारी कर दी है। इस वर्ष 2025 में काउंसलिंग के जरिए बीएससी नर्सिंग, एमएससी नर्सिंग, पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग, और पोस्ट बेसिक डिप्लोमा इन साईकियाट्रिक नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जाएगा। पहले इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 14 अक्टूबर थी जिसे बढ़ाकर 17 अक्टूबर कर दिया गया है। काउंसलिंग, आवंटन और प्रवेश संबंधी सभी जानकारियां चिकित्सा शिक्षा संचालनालय की वेबसाईट पर भी उपलब्ध कराई गई है। चिकित्सा शिक्षा संचालनालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार ऑनलाईन आवेदन के लिए अनारक्षित और अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को 1 हजार रूपए और अनुसूचित जाति.जनजाति के उम्मीदवारों को 500 रूपए शुल्क जमा करना होगा। ऑनलाईन आवेदन में किसी तरह की गलती हो जाने पर त्रुति सुधार के लिए 1 हजार रूपए शुल्क निर्धारित किया गया है। त्रुटि सुधार के समय पहले दिए गए ई मेल एवं मोबाईल नंबर में कोई परिवर्तन नहीं हो सकेगा। ऑनलाईन आवेदन के समय ही अभ्यर्थियों को संस्था का चयन करना होगा। इसके लिए अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा। ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि तक अभ्यर्थियों को सभी आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध रखने होंगे। अपूर्ण आवेदन या पंजीयन फीस के बैंक गेटवे से जमा नहीं होने पर अभ्यर्थी अपात्र घोषित किये जा सकेंगे।

## एसडीएमडीपी अधिकारी की उपस्थिति से खिलाड़ी हुए उत्साहित



**घरघोड़ा।** खेल नगरी घरघोड़ा के स्टेडियम में प्रातः 9 बजे अनुविभागीय अधिकारी, डीपी अधिकारी, आईएएस, तहसीलदार मनोज गुप्ता, जिला क्रिकेट संघ अध्यक्ष संतोष पांडे ने बिलासपुर जिला क्रिकेट संघ अंडर 19 एवं ओपी जिंदल क्रिकेट अकादमी घरघोड़ा के मध्य तीन मैचों का वनडे मैच का सीरीज चल रही है में उपस्थित हो कर मैच प्रारंभ कराया।

एसडीएम दुर्गा प्रसाद अधिकारी को खिलाड़ियों ने अपने मध्य प्रकार बहुत ही अच्छा महसूस किया खिलाड़ियों ने पुष्प गुच्छ प्रदान कर अधिकारी का स्वागत किया, अधिकारी ने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने एवं एक दूसरे का सम्मान पूर्वक व्यवहार करने की शिक्षा दी था कुछ देर तक खेल का आनंद उठाया, तहसीलदार मनोज गुप्ता ने जिनको क्रिकेट से विशेष लगाव है सभी खिलाड़ियों को अच्छे क्रिकेट खेलने हेतु प्रोत्साहित किया, इस अवसर पर जिला क्रिकेट संघ अध्यक्ष संतोष पांडे किशोर पटनायक, अश्वनी दर्शन सर्वेश मरावी ने भी परिचय प्राप्त किया। मैच के दौरान वरिष्ठ खिलाड़ी शिशु सिन्हा, मनोज बिस्वाल, उमेश शर्मा अजय शर्मा, मनीष बोहिदर, संजय सिकदर, विनोद एक्का, अनिल शर्मा सोमदेव मिश्रा, कोच प्रवीण लोहा आसिफ खान उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। इस सीरीज में दोनों ही टीमों का प्रदर्शन बहुत ही शानदार रहा बैटिंग बोलिंग फील्डिंग सभी उच्च स्तर का था। इस तरह के सीरीज आयोजित करने से खिलाड़ियों में एक दूसरे को समझने की एवं खेल को आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलती है।

## राशिफल

**मेष** – मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान रहेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। तरक्की के योग हैं।

**वृष** – मन थोड़ा परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जाना हो सकता है।

**मिथुन** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबारी कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** – वाणी में मधुरता रहेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**सिंह** – आत्मविश्वास भी बहुत रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी। खर्च बढ़ेंगे। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

**कन्या** – किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति बन सकती हैं।

**तुला** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार में सुधार होगा। कारोबार के विस्तार के लिए पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता के योग हैं।

**वृश्चिक** – किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार से लाभ के अवसर भी मिल सकते हैं। यात्रा के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**धनु** – आत्मविश्वास से लबरेज तो रहेंगे, परन्तु मन अशान्त भी हो सकता है। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।

**मकर** – संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**कुंभ** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंता परेशान करेंगी।

**मीन** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे, परन्तु आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। खर्च अधिक रहेगा। मित्रों से भेंट होगी।


## स्वच्छता के महत्व पर विद्यार्थियों को किया गया जागरूक

**सूरजपुर।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 15 अक्टूबर को ग्लोबल हैंडवाशिंग डे के अवसर पर शासकीय माध्यमिक शाला पतरापाली में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दिवस का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समुदाय के बीच हाथों की स्वच्छता के महत्व को समझाना तथा बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूकता फैलाना है। विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि साबुन और पानी से नियमित रूप से हाथ धोने की आदत अपनाने से अनेक संक्रामक बीमारियों से बचाव संभव है। विद्यार्थियों को हाथ धोने की सही विधि का प्रदर्शन कर व्यावहारिक जानकारी दी गई। मध्याह्न भोजन से पूर्व सभी विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से हाथ धोकर स्वच्छता का संदेश दिया।इस अवसर पर बच्चों में स्वच्छता के प्रति रुचि जागृत करने के लिए नारा एवं प्रश्नोत्तरी जैसी गतिविधियां भी आयोजित की गईं।

## पावर हॉउस पटाखा बाजार को लेकर बड़ा विवाद

**राउरकेला।** दीपावली से पूर्व पावर हाउस क्षेत्र में पटाखा बाजार को लेकर फिर एक बार विवाद भड़क उठा है। प्रशासन द्वारा पुराने सेफ जोन की जगह अनसेफ क्षेत्र में बाजार स्थानांतरित करने के निर्णय से पटाखा व्यवसायियों में गहरा असंतोष फैल गया है। जानकारी के अनुसार, पिछले एक दशक से पावर हाउस पार्किंग, आरएसपी भूमि और बाल गणेश पूजा मैदान क्षेत्र को सेफ जोन घोषित कर पटाखा बाजार लगाया जाता रहा है। लेकिन बीते वर्ष बीजद के प्रभाव में आकर तत्कालीन एडीएम आशुतोष कुलकर्णी ने इस पर विवाद खड़ा किया था। इस वर्ष भी वही स्थिति दोहराने की कोशिश हुई। हालांकि विधानसभा के उपाध्यक्ष भवानी शंकर भोई, केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम और विधायक दुर्गा तांती के हस्तक्षेप से प्रशासन ने पहले पुराने सेफ स्थान पर बाजार लगाने की अनुमति दे दी थी। दुकानों के निर्माण भी पूरे हो गए, लेकिन बाद में अचानक प्रशासन ने यू टर्न लेते हुए उसी बाजार को अस्वीकार कर दिया और मुंसिपल कॉलेज व घनी बस्तियों से सटे अनसेफ क्षेत्र में नया पटाखा बाजार तैयार करने लगा। फायर विभाग से लेकर तहसील और आरएमसी अधिकारियों ने भी इस नए स्थल की सेफ्टी की गारंटी देने से इंकार कर दिया है। इससे व्यापारी वर्ग आक्रोशित है और पुराने सेफ जोन में ही पटाखा बाजार लगाने की मांग पर अड़े हुए हैं।

## शब्द पहेली - 6021



**बाएँ से दाए**
1.अनाथालय-5
4.जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर-4
7.कमरा,रूम-2
8.फिजूल-3
9.अंग्रेजी शराब-2
10.अनर्गल (अंग्रेजी-4)
11.लक्ष्मी,कमला-2
13.ध्वनिहीनता,शांति-4
14.देवता,देव-2
16.प्रणाम,नमस्कार-3
18.रुधिरहीन,कमजोर-3
19.प्रस्थान करना-3,2
21.पालने वाला,ईश्वर-5
24.प्रेम,चाहना-3
26.वन,अरण्य,जंगल-3
28.विदेशी मदिरा-2
29.छिड़कना-4
30.धूल,मिट्टी-2
32.अंगीकार करना-4
33.छापा,सतत वर्षा-2
35.विरुद्ध-3
36.सुबह,प्रातःकाल-2
37.जोकर,विदूषक-4
38.संन्यासी,साधु-3,2

**ऊपर से नीचे**
1.इसके सवाल युधिष्ठर ने हल किये थे -2
2.उदारता,बड़प्पन-4
3.पत्नी का नाना-2,3
4.दसवीं राशि -3
5.बहादुर,निडर-2
6.एक मुस्लिम महीना-4
7.कहानी लेखक-5
10.नाव चलाना-2,2
12.सम्मान-2
15.मारकाट,खून खराबा-4
17.पैगंबर, जीवन रक्षक-3
18.कुकर्म,दुष्कर्म-4
20.गाड़ी,यान-3
22.इंकार करना-4
23.रचना करनेवाला, रचयिता -5
25.जीवनसाथी-5
26.कारोबार,व्यवसाय-4
27.मादा का विलोम-2
29.निर्झरणशील-4
31.ढेर,काफी सारा (उर्दू-3)
34.मजा,आनंद-2
36.भोगने वाला,कामी-2

**शब्द पहेली - 6020 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6031

✱✫✫✫✫ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6030 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

## खबर संक्षेप



### पूर्व सीएम के जन्मदिन पर वित्त मंत्री ने दी बधाई

**रायगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह के जन्मदिन पर बधाई देते हुए वित्त मंत्री विधायक रायगढ़ ओपी चौधरी ने उन्हें सबका मार्गदर्शक बताया। वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह से उनके रायपुर निवास पर आत्मीय भेंट कर उन्हें जन्मदिन की बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा आपकी सादगी, संवेदनशीलता और जनता के प्रति सेवाभाव पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणास्त्रोत है। प्रभु श्रीराम जी से आपके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और निरंतर सुयश की कामना करता हूं।

### अविकसित बच्चे को बचाने लायंस की सराहनीय पहल

**पुसौर।** एक समूह किसी कार्य को सुलझाने के लिए ठान ले तो वह कोई बड़ी बात नहीं होती जो संघे शक्ति को प्रमाणित करता है। जानकारी के अनुसार रायगढ़ के एक चिकित्सालय में एक गरीब दम्पति के यहां एक अविकसित बच्चा का जन्म हुआ। डाक्टरों के अनुसार उस बच्चे का सघन चिकित्सा एवं दवा आदि के लिए प्रतिदिन का 3 से 4 हजार रूपए तक का खर्चा रहा था, जोकि किसी भी शासकीय योजना से संभव नहीं था। ऐसी स्थिति में बच्चे के माता-पिता इस खर्च को वहन करने में सक्षम नहीं थे, चूंकि इस तरह लगभग डेढ़ महीने तक का खर्चा उठाना था। इस तथ्य की जानकारी लायंस क्लब रायगढ के पदाधिकारी ओम प्रकाश अग्रवाल, संजय अग्रवाल, संजू छावडा, प्रकाश अग्रवाल, मनोज अग्रवाल सहित अन्य सदस्यों को हुई तो इन्होंने तत्काल पैसे एकत्रित कर उक्त दंपत्ति के हाथों में थमाया। उक्त राशि उसके स्वस्थ होने तक के लिए पर्याप्त रहा और बच्चा स्वस्थ होने के बाद अब उसके माता पिता उसे सकुशल घर ले गए हैं।

### बच्चों संग मनाया गया जन्मदिन समारोह

**घरघोड़ा।** घरघोड़ा नगर में शासकीय प्राथमिक शाला कसैया में एक उत्साहपूर्ण व प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपहल महिला समूह के सदस्यों सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। इस विशेष अवसर पर विद्यालय में जन्मदिन समारोह, चित्रकला प्रतियोगिता एवं हिंदी भाषा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और सृजनशीलता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ज्त्छ प्रमुख वायु नंदन पाण्डेय, सचिदानंद पटनायक एवं श्रीमती सुभाषिनी पटनायक शामिल रहे। सभी अतिथियों ने बच्चों के साथ मिलकर जन्मदिन का उत्सव मनाया और उन्हें शिक्षा के महत्व पर प्रेरक संदेश दिए। अपने उद्बोधन में वायु नंदन पाण्डेय ने अपने बचपन की सुनहरी यादों को साझा करते हुए भारतीय सेना में बिताए अपने अनुभवों और प्रेरणादायक किस्सों को बच्चों के समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही जीवन का सबसे बड़ा बल है जो व्यक्ति को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाती है। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 13 के पार्षद रितेश शर्मा तथा शिक्षा समिति के सदस्यगण भी उपस्थित रहे।

### रायगढ़ स्टेडियम समिति की हुई बैठक

**रायगढ़।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कक्ष में रायगढ़ स्टेडियम समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में समिति की कार्यकारिणी का कार्यकाल, अधिकार एवं कर्तव्यों के साथ साथ स्टेडियम से जुड़े कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, जिला पंचायत के सीईओ अभिजीत बबन पठारे सहित जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एवं स्टेडियम समिति के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक का प्रमुख उद्देश्य वर्ष 1997 से लागू स्टेडियम समिति के बायलॉज में आवश्यक संशोधन एवं विलोपन पर चर्चा करना था। जिसमें सर्वसम्मति से पदेन सदस्यों सहित उनके कर्तव्यों में संशोधन हेतु चर्चा की गई।

## कम प्रदर्शन करने वाले बैंकों पर जताई कड़ी नाराजगी

# बैंक हितग्राहियों को प्राथमिकता से ऋण उपलब्ध कराएं : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने रायगढ़ जिले के सभी बैंकर्स एवं विभिन्न ऋण आधारित योजनाओं से जुड़े विभागों जैसे कृषि, पशुधन, मत्स्य, उद्यानिकी, उद्योग एवं अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति की संयुक्त बैठक ली। बैठक में शासन की वित्तीय योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कम प्रदर्शन करने वाले बैंकों पर नाराजगी जताते हुए कहा कि शासन की योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को ऋण उपलब्ध कराने में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि बैंकर्स जब भी फिल्ड में जाए तो साथ में विभागीय फिल्ड ऑफिसर व संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे, ताकि मौके पर भौतिक परीक्षण के साथ ही ऋण स्वीकृति कराने में तेजी आए।

कलेक्टर चतुर्वेदी ने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, ग्रामीण आजीविका मिशन, अंत्योदय स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना तथा प्रधानमंत्री किसान योजना की प्रगति का ब्यौरा लेते हुए बैंकों को लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं लोगों को आत्मनिर्भर बनाने का माध्यम हैं, अतः बैंक हितग्राहियों को ऋण स्वीकृति में प्राथमिकता दें और संवेदनशीलता से कार्य करें। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने बिना तैयारी के बैठक में उपस्थित कुछ बैंक अधिकारियों की कार्यशैली पर असंतोष व्यक्त करते हुए रविवार को बैंकर्स की पुनः समीक्षा बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे, लीड बैंक अधिकारी तथा जिले के सभी बैंक प्रतिनिधि मौजूद रहे।




### अनुपयोगी उत्खनन क्षेत्र में करें मत्स्य पालन

कलेक्टर ने जिले के उत्खनन क्षेत्र जहां उत्खनन का कार्य के पश्चात उत्खनन क्षेत्र अनुपयोगी हो ऐसे क्षेत्रों को चिन्हांकित करने के लिए मत्स्य विभाग को निर्देश दिए तथा ऐसे एक क्षेत्र को पॉयलेट प्रोजेक्ट के रुप में मत्स्य पालन के लिए उपयोग में लाया जा सके। कलेक्टर ने कृषि एवं पशु संवर्धन एवं संरक्षण के लिए पशुधन विकास विभाग को कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने उद्यानिकी विभाग की समीक्षा की एवं प्रभारी अधिकारी को सप्ताह में कम से कम दो बार जिला कार्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### कलेक्टर ने योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की

कलेक्टर ने बैठक में वार्षिक साख योजना 2025-26, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने बैंकों को लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कर पात्र हितग्राहियों को सरल एवं त्वरित ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### बैंकिंग सेवाओं को मजबूत करने के निर्देश

उन्होंने डिजिटल भुगतान प्रणाली के सौ प्रतिशत विस्तार और ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं की सुलभता बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि जिले में वित्तीय समावेशन को गति देने के लिए मोबाइल बैंकिंग सेवाओं को मजबूत किया जाए। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि शासन की हर योजना का उद्देश्य नागरिकों के जीवन में आर्थिक स्थिरता और आत्मनिर्भरता लाना है। इसलिए बैंक एवं विभाग समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि रायगढ़ जिले के अधिक से अधिक हितग्राही शासन की योजनाओं से लाभान्वित हो सकें।

### महिला समूहों को ऋण दिलाने में लाएं तेजी

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कहा कि महिला स्व सहायता समूहों को आजीविका उन्मुख गतिविधियों के लिए ऋण उपलब्ध कराने में तेजी लाई जाए, ताकि ग्रामीण महिलाएं स्वरोजगार से जुड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। साथ ही कृषि, पशुपालन, मत्स्यपालन एवं उद्यानिकी विभागों से जुड़े किसानों को केसीसी ऋण प्राथमिकता से स्वीकृत करने के निर्देश दिए।



# बगैर नाली निर्माण के हो गया 3 लाख 8 हजार का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 2 में दशों से बने नाली के स्थान पर आरसीसी नाली बनाए जाने का हवाला देकर उसमें 3 लाख 8 हजार रुपए के आहरण होने की बात सामने आई है।

जानकारी के अनुसार इसमें 20 दिसंबर 2022 को 2,74,726 रूपए व 12 अक्टूबर 2023 को 33,804 रुपए भुगतान हुआ है। जिसके जांच एवं कार्रवाई के लिए पार्षद ओकेश बेहरा ने कलेक्टर रायगढ़ के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है। उन्होंने बताया कि वार्ड क्रमांक 2 बोरोडिपा स्कूल से सुन्दरलाल गुप्ता घर तक आरसीसी नाली निर्माण स्वीकृत हुआ और उक्त कार्य के लिये तीन लाख पचासी हजार तीस रुपए आहरण किया गया है, जबकि संबंधित स्थान पर 15 वर्ष पूर्व से ईंटो का बना हुआ नाली है। इस समूचे मामले के दस्तावेज भी उपलब्ध हैं। ऐसे में जीरो टारलेस का हवाला देने वाली सरकार का नैतिक दायित्व बनता है कि मामले के तह तक पहुंचे और दोषियों पर कार्रवाई करें। इस तथ्य पर सीमओ ललित साहू ने बताया कि यह मामला पुसौर में उनके पदस्थ होने से पूर्व का है, शासन-प्रशासन से जो निर्देश मिलेगा वैसी कार्रवाई की जाएगी।

## पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन

**रायगढ़।** शासकीय रविशंकर प्राथमिक शाला रायगढ़ में शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों इतवार सिंहए राजकुमारी नाग, परदेशी देवांगन, सलमा कुरैशी, शेख शहजादा की उपस्थिति में पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक भारत माता की जयघोष के साथ प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होकर 11.30 बजे तक चली। संस्था प्रमुख डॉ.मनीषा त्रिपाठी ने उपस्थित जनों का आत्मीय स्वागत करते हुए बच्चों की नियमित उपस्थिति शालेय समय पर गृहकार्य, कक्षा कार्य, प्रायोजना व दत्त कार्य, विभागीय योजनाओं व उसके क्रियान्वयन, सामुदायिक सहभागिता एमिड डे मिल, सामाजिक न्यौता भोज, बच्चों को दिए जाने वाले व्यावहारिक ज्ञान, स्वच्छता, अनुशासन, अपार आई डीए आधार कार्ड अपडेशन, जाति प्रमाण पत्र, लगातार अनुपस्थित बच्चे, औसत से कम उपलब्धि वाले बच्चे, त्रैमासिक आकलन व परिणाम उनके लर्निंग स्तर, परीक्षा फल में सुधार हेतु कार्य योजना का क्रियान्वयन आदि बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई।

## जिंदल फाउण्डेशन तमनार द्वारा वैश्विक हाथ धुलाई दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**तमनार।** जिंदल फाउण्डेशन, जेपीएल तमनार द्वारा वैश्विक हाथ धुलाई दिवस 15 अक्टूबर के अवसर पर स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस संस्थान निकटस्थ विभिन्न शासकीय अशासकीय स्कूलों व ग्राम पंचायतों डोलेसरा, तमनार, गोढ़ी गारे पालमा माइंस परिक्षेत्र के ग्राम टिहलीरामपुर, कोसमपाली एवं बांध प्रक्षेत्र के गांम राबो में स्कुली छात्र छात्राओं एवं ग्रामीण जनों के मध्य वैश्विक हाथ धुलाई दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों व जनसमुदाय को हाथों की स्वच्छता के महत्व को रेखांकित करते विभिन्न संक्रामक बीमारियों से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करने का प्रयास कर इस इस प्रमुख अभियान के प्रति लोगों को प्रेरित करना था।



मुख्य कार्यक्रम ग्राम टिहलीरामपुर में ग्राम सरपंच रमेश कुमार राठिया के मुख्य अतिथ्य एवं स्थानीय प्रबुद्ध नागरिकों की उपस्थिति में की गई। इसके विद्यार्थियों व आम नागरिकों को जिंदल फाउण्डेशन हेल्थ टीम के द्वारा साबुन और स्वच्छ जल से हाथ धोने हाथ धुलाई की सही विधि व विभिन्न चरणों का प्रदर्शन कर बताया गया कि स्वच्छ हाथ ही स्वस्थ जीवन की पहचान हैं और नियमित हाथ धुलाई से अनेक बीमारियों को रोका जा सकता है। इस अवसर पर विद्यालयों के बच्चों के बीच चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी की गईए जिनमें बच्चों ने स्वच्छता के महत्व को अपने रचनात्मक विचारों के माध्यम से प्रस्तुत किया। वहीं ऋषिकेश शर्मा, विभागाध्यक्ष सीएसआर ने अपने प्रेशित संदेश में कहा कि जिंदल फाउण्डेशन, जेपीएल तमनार क्षेत्र के 70 ग्रामों में स्वास्थ्य, शिक्षा और स्वच्छता से संबंधित विभिन्न अभियानों के माध्यम से स्वच्छ व स्वस्थ वातावरण निर्माण के लिए निरंतर प्रयासरत है। जिसकी आपूर्ति के लिए विभिन्न स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों का संचालन नियमित योजनाबद्ध रूप से संस्थान में कार्यरत स्वास्थ्य संगिनियों व अपने कर्मचारियों के माध्यम से कर रही है। जिससे कि आमजनमानस विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं से जागरूक हो स्वस्थ जीवन यापन कर सके। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में विभिन्न स्कूलों के प्रधान पाठक, कार्यालयीन स्टॉफ, चिकित्सा अधिकारी द्वय डॉ. हेमेन्द्र साहू, डॉ. पंकज पटेल एवं टीम सीएसआर के सभी कर्मचारियों का योगदान महत्वपूर्ण रहा।

### पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति अनंग कुमार पटनायक का सुंदरगढ़ दौरा

**सुंदरगढ़।** सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश एवं ओडिशा खनिज धारक क्षेत्र विकास निगम ओएमबीएडीसी के लोकपाल न्यायमूर्ति अनंग कुमार पटनायक पांच दिवसीय दौरे पर सुंदरगढ़ जिले में हैं। दौरे के दूसरे दिन 15 अक्टूबर 2025 उन्होंने कुत्रा उच्च विद्यालय में निर्माणाधीन अतिरिक्त कक्ष, शौचालय और परिधि दीवार कार्यों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं और आवश्यकताओं की जानकारी ली। इसके बाद न्यायमूर्ति पटनायक ने कुनमुर के मशरूम उत्पादन केंद्र और आम कलिका केंद्र का भी दौरा किया, जहां उन्होंने ग्रामीण महिलाओं द्वारा संचालित आजीविका गतिविधियों की सराहना की। उन्होंने कुआरमुण्डा में निर्माणाधीन मेगा पाइप पेयजल परियोजना और छेंड स्थित बहुउद्देशीय इंडोर स्टेडियम का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों से बातचीत कर उन्हें उपलब्ध सुविधाओं और प्रशिक्षण अवसरों की जानकारी ली। दौरे के समय जिलाधिकारी डॉ. शुभंकर महापात्र, डीएमएफ और ओएमबीएडीसी अधिकारी तथा विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## 12 बेड वाले शिशु वार्ड का शुभारंभ, गंभीर बच्चों को रेफर करने की नहीं पड़ेगी जरूरत

**कटेली।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के नेतृत्व में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार का सिलसिला निरंतर जारी है। ग्रामीण व अंचल क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत बनाने के इसी अभियान के तहत सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ी है। जिला अस्पताल सारंगढ़ बिलाईगढ़ में अब 12 बेड वाले अत्याधुनिक शिशु वार्ड की शुरुआत की गई है। इस सुविधा के शुरू होने से अब जिले के नवजात से लेकर 12 वर्ष तक के बच्चों को गंभीर बीमारियों की स्थिति में बाहर रेफर करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।



नवनिर्मित वार्ड को बच्चों के अनुकूल वातावरण और आधुनिक उपकरणों से पूरी तरह सुसज्जित किया गया है। इसमें ऑक्सीजन सपोर्ट बेडए नेब्युलाइज़र, फोटोजोनिक थैरेपी यूनिट, इन्फेंट वॉर्मर और वेंटिलेशन सपोर्ट सिस्टम जैसी सुविधाएँ उपलब्ध हैं। बच्चों की देखरेख के लिए डॉ. भारती पटेल को शिशु रोग विशेषज्ञ के रूप में नियुक्त किया गया है, जो अपनी अनुभवी टीम के साथ 24 घंटे उपचार सेवाएँ प्रदान करेंगी। कलेक्टर संजय कन्नौजे और सिविल सर्जन डॉ. दीपक जायसवाल ने वार्ड का निरीक्षण करते हुए कहा कि यह कदम जिले की स्वास्थ्य सेवाओं में नया अध्याय जोड़ेगा। उन्होंने बताया कि अब बच्चों को स्थानीय स्तर पर ही बेहतर व निरूशुल्क चिकित्सा सुविधा मिलेगी। उद्घाटन अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति पटेल, जिला पंचायत स्वास्थ्य विभाग सभापति सुशीला साहू, पंचायत सभापति भगवतीन कुंज राम पटेल, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता दुर्गा सिंह ठाकुर, सतीश शर्मा, प्रकाश अग्रवाल और रविशंकर यादव उपस्थित रहे। सभी ने अस्पताल प्रबंधन और स्वास्थ्य विभाग की इस पहल को जनसेवा का बड़ा कदम बताया।

### अस्पताल प्रबंधन की अपील

अस्पताल प्रशासन ने अभिभावकों से आग्रह किया है कि बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। यदि बच्चे को बुखार, सांस लेने में तकलीफ, उल्टी दस्त, वजन घटने या अन्य लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत जिला अस्पताल सारंगढ़ बिलाईगढ़ पहुँचें। यहाँ विशेषज्ञ चिकित्सक, आधुनिक उपकरण और निः शुल्क उपचार सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।

### जनता की प्रतिक्रिया

स्थानीय नागरिकों और अभिभावकों ने जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की इस पहल को श्राहत की सौगात बताते हुए सराहा। उन्होंने कहा कि अब सारंगढ़.बिलाईगढ़ के बच्चों को इलाज के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा, यही इस पहल की सबसे बड़ी सफलता है।

## मंत्री चौधरी द्वारा स्वीकृत 30 करोड़ के कार्य योजना पर रायशुमारी

**पुसौर।** नगर पंचायत कार्यालय पुसौर प्रांगण में बीते दिनों उप मुख्यमंत्री अरूण साव, क्षेत्रीय विधायक एवं वित्तमंत्री ओपी चैधरी तथा प्रशासनिक एवं सत्तासीन प्रमुख लोगों के उपस्थिति में नगर पंचायत के विकास के लिए करोड़ों रूपए के सौगात मिली। जानकारी के मुताबिक यह सौगात बगैर कार्य योजना के दी गई है। इस तथ्य के मद्देनजर नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि



मोहित सतपथी ने पुसौर के सोशल मिडिया ग्रुप में इसे साझा कर जनता से रायशुमारी की जा रही है, जिसमें 15 वार्ड के लोगों ने सार्वजनिक जरूरतों को अवगत कराया है। जैसा कि ग्राम पंचायतों में ग्रामसभा आयोजन होता है और वहां सार्वजनिक हित से जुडे नाली, चौपाल, पेयजल सहित अन्य मुद्दों को लेकर चर्चा की जाती है। उसी पैटर्न में जनजागरण मंच एवं रामलीला ग्रुप में लोगों ने अपनी-अपनी राय दी है। ग्रुप में बड़े तालाब के सौदर्यीकरण, चौक चौराहों में शेड निर्माण, पेयजल की स्थाई व्यवस्था, लाइटिंग एवं मुक्तिधाम में चौपाल निर्माण सहित अन्य मांग सुझाव प्रस्तुत किए गए हैं। लोगों ने अध्यक्ष प्रतिनिधि के इस तरह के रायशुमारी का सराहना कर रहे हैं। इस तथ्य पर मोहित सतपथी ने बताया कि ग्रुप के अतिरिक्त प्रत्येक वार्डो में जाकर वहां के आवश्यकताओं को लोगों से पूछा भी गया है और उसके अनुसार विकास कार्यों की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

## बिलाईगढ़ महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**बिलाईगढ़।** शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ़ में यूथ रेड क्रॉस इकाई के द्वारा महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एफ आर निराला को आमंत्रित किया गया। डॉ निराला ने कुष्ठ रोग, एनीमिया, टीबी, सिकल सेल जैसे गंभीर बीमारियों के प्रमुख कारण, लक्षण, रोकथाम



के उपाय एवं उपचार से संबंधित जानकारी प्रदान किया। साथ ही माहवारी की प्रक्रिया डायग्राम के माध्यम से समझाते हुए महिलाओं में होने वाली रक्त की कमी को दूर करने के लिए उचित पोषण आहार के विषय में बताया तथा अनेक छात्राओं द्वारा रखे गए जिज्ञासा का समाधान किया गया। डॉ हेमकुमार जोल्हे ने स्वच्छता एवं नशा मुक्ति के विषय में जानकारी प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन यूथ रेड क्रॉस प्रभारी पंकज साहू सहा प्राध्यापक के द्वारा किया गया। डॉ सुमनलता राठौर अति व्याख्याता के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नरेंद्र राकेश जभा शिक्षक का विशेष सहयोग रहा।

## महतारी वंदन योजना से बदल रही हैं महिलाओं की जिंदगी

# हर माह एक हजार रुपए बन रहा आत्मनिर्भरता का आधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना आज रायगढ़ जिले की लाखों महिलाओं के जीवन में नई ऊर्जा, नई उम्मीद और आत्मनिर्भरता के लिए नई राह बन रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य शासन द्वारा संचालित यह योजना अब केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि नारी सम्मान, गरिमा और सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक जन आंदोलन का रूप ले चुकी है।




छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में इस योजना के तहत अब तक 3 लाख 15 हजार 78 हितग्राहियों के खातों में 523 करोड़ 47 लाख रुपए से अधिक राशि अंतरण की जा चुकी है। वहीं महिलाओं की खुशियों में दीवाली से पहले और उजाला भरने के उद्देश्य से राज्य शासन ने अक्टूबर माह की 20वीं किस्त भी जारी कर दी है, जिसके अंतर्गत जिले की पात्र महिलाओं को 25 करोड़ 38 लाख 75 हजार 800 रुपए की राशि उनके खातों में जमा की गई है। इस निरंतरता ने रायगढ़ की महिलाओं के जीवन में आत्मनिर्भरता और आत्मसम्मान की एक नई कहानी लिख दी है।

### सपनों को साकार करने की दी ताकत

महतारी वंदन योजना के माध्यम से हर महीने मिलने वाले एक हजार रुपए ने महिलाओं को अपनी जरूरतों के साथ साथ अपने छोटे छोटे सपनों को साकार करने की ताकत दी है। जिले के पुसौर विकासखंड के ग्राम आमापाली की श्रीमती पुष्पा महंत बताती हैं कि पति के निधन के बाद संपूर्ण पारिवारिक जिम्मेदारी उनके कंधों पर आ गई थी। तीन बच्चों की परवरिश, पढ़ाई और घर का खर्च संभालना मुश्किल हो गया था, लेकिन महतारी वंदन योजना से मिलने वाली राशि ने उनके जीवन में स्थिरता और संबल प्रदान किया।

### आय और खर्च की खुद बना रहीं योजना

इस योजना ने महिलाओं को यह एहसास दिलाया है कि वे परिवार की आर्थिक रीढ़ हैं और समाज की निर्णायक शक्ति बन सकती हैं। अब रायगढ़ की महिलाएं अपनी आय और खर्च की योजना खुद बना रही हैं। कई महिलाएं इस राशि को बीज पूंजी बनाकर सिलाई सेंटर, किराना दुकान, सब्जी बिक्री या हस्तशिल्प जैसे छोटे व्यवसायों की शुरुआत कर चुकी हैं। इन व्यवसायों ने उन्हें न केवल आर्थिक रूप से सक्षम बनाया है, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी नई उड़ान दी है।

